# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः09.10.2025

**थाना को0कटरा साइबर क्राइम टीम द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हुई ठगी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 73,272/- को पीड़िता के खाते में कराया गया वापस-**

आवेदक वीरेन्द्र कुमार मौर्या पुत्र अलगू राम मौर्या निवासी मोहल्ला बथुआ  थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 27.09.2025 को थाना को0कटरा के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दो बार में ₹ 73,272/- की निकासी की गयी । उक्त के सम्बन्ध में थाना को0कटरा की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी ।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0कटरा साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान ₹ 73,272/- को होल्ड कराते हुए साइबर सेल थाना को0कटरा द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹ 73,272/- वापस कराया गया । खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना को0कटरा पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

साइबर सेल टीम थाना को0कटरा-

उप-निरीक्षक बैद्यनाथ सिंह, थानाध्यक्ष को0कटरा, जनपद मीरजापुर ।

उप-निरीक्षक कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रभारी साइबर सेल को0कटरा, जनपद मीरजापुर ।

आरक्षी इरफान अंसारी साइबर सेल को0कटरा, जनपद मीरजापुर ।




******